प्रेस विज्ञप्ति

लोक भवन, राँची

दिनांक : 13 नवम्बर, 2026 :-

(1) माननीय राज्यपाल श्री संतोष कुमार गंगवार से श्री बबलू मुण्डा के नेतृत्व में केन्द्रीय सरना समिति, जनजाति सुरक्षा मंच, झारखण्ड आदिवासी सरना विकास समिति सहित विभिन्न आदिवासी सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधिमंडल ने भेंट कर निशा कुमारी भगत के मामले में नामजद आरोपियों की अविलंब गिरफ्तारी सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक पहल करने का आग्रह किया।

प्रतिनिधिमंडल ने ज्ञापन के माध्यम से बताया कि निशा कुमारी भगत ने अपनी मृत्यु से पूर्व 3 जुलाई, 2026 को पिठोरिया थाना तथा 13 जुलाई, 2026 को साइबर थाना, राँची में रंगदारी और जान से मारने की धमकी देने से संबंधित लिखित शिकायतें दी थीं। इसके अतिरिक्त, उनके घर में चोरी की घटना के संबंध में 22 जुलाई, 2026 को पिठोरिया थाना में भी लिखित शिकायत दी गई थी। प्रतिनिधिमंडल का आरोप है कि इन शिकायतों पर अपेक्षित कार्रवाई नहीं की गई।

प्रतिनिधिमंडल ने निशा कुमारी भगत की मृत्यु के मामले की निष्पक्ष जाँच कराने तथा नामजद आरोपियों को शीघ्र गिरफ्तार करने की मांग की। साथ ही, राज्य में कानून-व्यवस्था की स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए वर्तमान सरकार को बर्खास्त कर राष्ट्रपति शासन लागू करने की मांग भी की।

---

(2) माननीय राज्यपाल श्री संतोष कुमार गंगवार से आज केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री श्री संजय सेठ ने लोक भवन में भेंट कर उन्हें दीपावली एवं छठ महापर्व की हार्दिक शुभकामनाएँ दीं।
